मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्रम सिंह पुत्र श्री नरपत सिंह निवासी चर्च वाली गली, बुध विहार, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने एफआईआर नं. **58/26, दिनांक 13.02.2026 अंतर्गत धारा 304(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023, थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, पूर्व ज़िला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम सिंह** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **58/26, दिनांक 13.02.2026 अंतर्गत धारा 304(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023, थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, पूर्व ज़िला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्रम सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.05.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री पी. भार्गव राव**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
पूर्व जिला, कोर्ट नं. 03
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/4198/ED/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **दीपक गहलोत, पुत्रः वेद प्रकाश, निवासीः सी-9, डीएलएफ भोपुरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.324/2025 U/S 304(2)/3(5) BNS** के तहत एक मामला **थाना गोकुल पुरी, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **दीपक गहलोत** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **दीपक गहलोत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.324/2025 U/S 304(2)/3(5) BNS, थाना गोकुल पुरी, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक गहलोत** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **28.05.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, सुश्री श्रुति सारस्वत**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03**
**पूर्वोत्तर जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/4257/NE/2026**
**(अदालती मामला)**



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## प्रधानमंत्री मोदी नौ अप्रैल को नारायणगढ़ में करेंगे चुनावी जनसभा

**एजेंसी**

**पश्चिम मेदिनीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी नौ अप्रैल को नारायणगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित करने आ रहे हैं, जिससे चुनावी मुकाबला और तेज होने की संभावना जताई जा रही है। इस सभा में वह नारायणगढ़ विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमाप्रसाद गिरी के समर्थन में प्रचार करेंगे। रमा प्रसाद गिरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभा को लेकर पार्टी स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। दूसरी ओर इससे पहले तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार प्रतिभा रानी माइती के समर्थन में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी यहां जनसभा कर चुकी हैं। ऐसे में नारायणगढ़ अब सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के शक्ति प्रदर्शन का प्रमुख केंद्र बन गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री की सभा के जवाब में प्रधानमंत्री की यह जनसभा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे चुनाव से पहले क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी और प्रतिस्पर्धा और बढ़ने की संभावना है।

## चंडीगढ़ में खालिस्तानी आतंकी ने ली भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाके की जिम्मेदारी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर बुधवार की शाम हुए बम धमाके की जिम्मेदारी एक खालिस्तानी आतंकी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए ली है। इस बीच चंडीगढ़ पुलिस के अलावा पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, एनआईए तथा सेना के अधिकारियों ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 37 स्थित भाजपा कार्यालय की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया गया है। इसके अलावा यूटी चंडीगढ़, पंजाब के मोहाली तथा हरियाणा के पंचकूला की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील करके सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। शाम पांच बजे के करीब सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर जोरदार धमाका हुआ। धमाके के कारण पार्किंग में खड़े कई वाहन तथा इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए। घटना की सूचना मिलने के बाद चंडीगढ़ पुलिस की कई टीमें जांच के लिए मौके पर पहुंची। इसी दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से एक वीडियो मिला है। जिसमें एक युवक ग्रेनेड का पिन निकालकर फैंकते हुए दिखाई दे रहा है। इसके बाद वह पंजाबी में गालियां देते हुए भाग जाता है। हमलावरों की संख्या दो होने की आशंका जताई जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले लिएंडर पेस, खेल और राष्ट्र निर्माण पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच खेल, युवाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा, 'लिएंडर पेस के साथ शानदार मुलाकात हुई। भारत को टेनिस में उनकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की। खेल और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका जुनून सचमुच सराहनीय है। मोदी ने पेस के खेल जगत में योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है और युवाओं के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। प्रधानमंत्री के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिएंडर पेस ने भी 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, ऊर्जा और राष्ट्र के प्रति उनके जुनून से अभिभूत हूं। आपकी टीम का हिस्सा बनकर और आपके मार्गदर्शन में देश की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। जय हिंद, जय भारत। ' उल्लेखनीय है कि लिएंडर पेस भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में से एक रहे हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई खिताब जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कल ही दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद से वह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार भेंट कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र के जालना में ट्रक ने 10 महिला मजदूरों को रौंदा, सात की मौत, तीन घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना में बड़ा हादसा हुआ। यहां समृद्धि हाईवे पर जनवाड़ी-कदवंची इलाके के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सफाई का काम कर रही 10 महिला मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में सात महिला मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि तीन घायल हो गई हैं। जालना पुलिस घटनास्थल पर राहत और बचाव का कार्य कर रही है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये महिलाएं समृद्धि हाईवे पर सफाई का काम कर रही थीं। शाम छह बजे के करीब मुंबई की ओर जा रहे



एक तेज रफ्तार ट्रक ने इन महिला मजदूरों को रौंद दिया। इस घटना में सात महिला मजदूरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन मजदूर घायल हो गईं। तीनों को तत्काल जालना शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। वहीं, जालना विधायक अर्जुन खोतकर घटनास्थल पर पहुंचे और इस घटना की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में जाकर घायल महिलाओं से भी मुलाकात की है।

# झारखंड में नाबालिग के साथ हुई घटना पर महिला आयोग सख्त, गठित की जांच समिति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड के हजारीबाग जिले में 12 वर्षीय बालिका के साथ हुए अत्यंत जघन्य अपराध के संबंध में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

बालिका का शव 25 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया, जिसमें अत्यधिक क्रूरता के संकेत सामने आए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जो मामले की विस्तृत जांच करेगी। यह समिति 2 अप्रैल को घटनास्थल का दौरा कर तथ्यों का संकलन करेगी तथा संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर घटना के कारणों, परिस्थितियों और अब




तक की गई कार्रवाई का आकलन करेगी।समिति में ममता कुमारी (पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग), मनमोहन वर्मा (विधि अधिकारी, राष्ट्रीय महिला आयोग) एवं कंचन खट्टर (वरिष्ठ समन्वयक, राष्ट्रीय महिला आयोग) शामिल हैं। रहाटकर ने राज्य प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मामले में त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे दोषियों के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कदम उठाए जा सकें। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और निवारक उपाय आवश्यक हैं।

रहाटकर ने एक बयान में कहा कि इस प्रकार के जघन्य अपराध किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य हैं और पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाना चाहिए। जांच समिति अपनी रिपोर्ट 10 कार्य दिवसों के भीतर आयोग को प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कांग्रेस ने एसआईआर विरोधी आंदोलन का साथ नहीं दिया : ममता बनर्जी

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के आंदोलन को राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया और पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं के समर्थन में भी आगे नहीं आई। मुर्शिदाबाद जिले के नबग्राम में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, 'मैंने कई बार उनसे विशेष सघन पुनरीक्षण के खिलाफ संयुक्त रूप से आंदोलन करने तथा भारत निर्वाचन आयोग के पास साथ जाने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने हमारी अपील स्वीकार नहीं की। जब पुनरीक्षण का काम चल रहा था तब उन्होंने जनता की चिंता नहीं की। उस समय केवल तृणमूल कांग्रेस के बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही मतदाताओं के साथ खड़े थे।

' उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग पर दक्षिण कोलकाता स्थित उनके विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर को विशेष रूप से निशाना बनाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, 'भवानीपुर में असामान्य रूप से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। फिर भी मैं चुनाव लड़ूंगी और अंततः जीतूंगी।

' मुख्यमंत्री के अनुसार पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अल्पसंख्यक, जनजातीय तथा पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अनेक हिंदू मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

## आईसीएआर ने कृषि को विज्ञान, नवाचार और समाधान से जोड़ा : रेखा गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** ।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के 122वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि आईसीएआर ने भारत की कृषि को केवल परंपरा तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि उसे विज्ञान, नवाचार और समाधान से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि आईसीएआर खेत और प्रयोगशाला के बीच की दूरी को समाप्त करते हुए संस्थान ने हरित क्रांति से लेकर आज की आधुनिक, तकनीक आधारित खेती तक देश को एक नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह संस्थान इस परिवर्तन का अग्रदूत है, जो ज्ञान को जमीन तक पहुंचाकर किसानों की ताकत को बढ़ा रहा है और भारत की कृषि को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने आईसीएआर से राजधानी में धूल और प्रदूषण को कम करने और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण के साथ-साथ तरीकें से सहयोग करने की बात



कही है। मुख्यमंत्री ने लोगों से संसाधन बचाने और उनका उपयोग सही तरीके से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भूजल, बिजली और पेट्रोल जैसे संसाधनों का इस्तेमाल आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखा करें। इन संसाधनों को सुरक्षित और बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक काम करें। उन्होंने कहा कि आईसीएआर ने देश में खाद्यान्न संकट को दूर किया। आज देश खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर दूसरे देश की मदद कर रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी रवींद्र इंद्राज सहित संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी और शोधकर्ता उपस्थित रहे।

## इंदौर एयरपोर्ट की यात्री सुविधा सर्वे में लंबी छलाग, 10वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने वर्ष 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए यात्री सुविधाओं के मामले में बड़ी छलांग लगाई है। यात्री सुविधा सर्वे में इंदौर एयरपोर्ट 10वें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने बुधवार (एक अप्रैल) को अपना 31वां वार्षिक दिवस (स्थापना दिवस) मनाया, जिसमें इंदौर एयरपोर्ट के निदेशक सुनील मग्गीरवार को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा कराए गए एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे के नतीजे जारी किए गए। इसमें इंदौर एयरपोर्ट को पांच में से 4.92 अंक मिले हैं, जबकि वर्ष 2024 में यह स्कोर 4.82 था और रैंक 10वीं थी। इस तरह एयरपोर्ट ने 0.10 अंकों की बढ़त के साथ सात पायदान ऊपर चढ़ते हुए टॉप-तीन में जगह बनाई है। सर्वे में 4.94 अंक के साथ पुणे एयरपोर्ट पहले और 4.93 अंकों के




साथ गोवा एयरपोर्ट दूसरे स्थान पर रहा। गौरतलब है कि एसीआई द्वारा उक्त सर्वे भारत के 16 और एशिया-पेसिफिक के 18 देशों के 98 एयरपोर्ट पर किया जाता है, जहां सालाना 18 लाख से ज्यादा यात्री आते हैं। सर्वे में एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों से 31 अलग-अलग मानकों पर फीडबैक लिया जाता है। इनमें साफ-सफाई, पार्किंग, स्टाफ व्यवहार, शॉपिंग और खान-पान जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इंदौर एयरपोर्ट ने इस बार 31 में से 30 बिंदुओं पर पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन किया, सिर्फ पासपोर्ट स्टाफ व्यवहार में थोड़ी गिरावट दर्ज हुई।

## पश्चिम बंगाल के मालदा में मतदाता सूची पर बवाल, आठ घंटे बाद देररात मुक्त कराए जा सके सात अधिकारी

**एजेंसी**

**कोलकाता,।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कालियाचक-2 प्रखंड विकास कार्यालय में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे सात न्यायिक अधिकारियों को बुधवार देरात लगभग आठ घंटे के घेराव के बाद पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला। मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के आरोप को लेकर यह विरोध प्रदर्शन हुआ। रिपोर्ट के अनुसार कालियाचक, मोथाबाड़ी और सुजापुर क्षेत्रों में उस समय प्रदर्शन शुरू हो गया जब अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इनमें से अधिकतर लोग सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 12 के कुछ हिस्सों को भी अवरुद्ध कर दिया और मतदान से पहले सूची में सुधार की मांग की। अधिकारियों के अनुसार, तीन महिला अधिकारियों सहित सात न्यायिक अधिकारी एसआईआर कार्य के



सिलसिले में प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान दोपहर से प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय का घेराव शुरू कर दिया। बाद में आधी रात बाद पुलिस सुरक्षा में उन्हें वहां से निकाला गया। बचाव अभियान के दौरान पुलिस काफिले पर हमले की कोशिश की भी खबर है। घटनास्थल से सामने आए दृश्य में एक वाहन के अंदर टूटे कांच भी दिखाई दिए हैं। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुकांत मजूमदार ने इसके लिए तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य नेताओं के कथित उकसाने वाले बयानों के कारण यह स्थिति बनी है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने कहा कि उनकी पार्टी कानून को हाथ में लेने का समर्थन नहीं करती। उन्होंने पूरे घटनाक्रम के लिए भारत निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित कुछ छोटे दल अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सड़क जाम खोलने के लिए प्रदर्शनकारियों से कई दौर की बातचीत की गई। स्थिति सामान्य बनाने के प्रयास जारी हैं, हालांकि कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर फिलहाल विस्तृत टिप्पणी नहीं की गई है।

## सीएम ने केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों से मुलाकात कर राज्य के विकास को लेकर की चर्चा



**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के संसद सदस्यों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास संबंधी योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय संचार और उत्तर पूर्वी विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन , केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर से भी मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और महेन्द्र सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पहले मध्य प्रदेश के सांसदों से विकास के विभिन्न मुद्दों पर वन-टू-वन चर्चा की। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में संसद सदस्यों के साथ मध्य प्रदेश भवन में हुई बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# जनगणना-2027 की शुरुआत, डिजिटल स्व-गणना के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सर्वे अभियान आरंभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में जनगणना-2027 के तहत विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हो गई। केंद्र सरकार ने पहले चरण 'मकानसूचीकरण और मकानों की गणना' (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) की शुरुआत करते हुए इस बार जनगणना को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। खास बात यह है कि पहली बार नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे स्वयं ऑनलाइन अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। देश की परंपरा को कायम रखते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सबसे पहले स्व-गणना कर इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी ऑनलाइन माध्यम से अपनी-अपनी स्व-गणना पूरी की। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर-परिवार का विवरण स्वयं दर्ज करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने जनगणना



को विकास योजनाओं की आधारशिला बताते हुए इसे जनभागीदारी से सफल बनाने पर जोर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकानसूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच देशभर में किया जाएगा। इस चरण में घरों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं, परिसंपत्तियों और बुनियादी ढांचे से जुड़ी विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। सरकार के अनुसार, इस चरण के लिए कुल 33 प्रश्न अधिसूचित किए गए हैं, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और लक्षित कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेंगे। प्रारंभिक चरण में स्व-गणना की सुविधा आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई है, जिनमें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम और दिल्ली के नई दिल्ली नगरपालिका परिषद तथा दिल्ली छावनी बोर्ड क्षेत्र शामिल हैं। पहले ही दिन इन क्षेत्रों से लगभग 55 हजार परिवारों ने स्व-गणना सुविधा का उपयोग किया, जो इस डिजिटल पहल के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता और सहभागिता को दर्शाता है।सरकार के अनुसार, स्व-गणना एक सुरक्षित वेब-आधारित प्रणाली है, जो 16 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। इसके तहत नागरिक अपने मोबाइल नंबर और बुनियादी पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग कर निर्धारित पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। फॉर्म भरने और सबमिट करने के बाद एक यूनिक सेल्फ-एनुमरेशन आईडी जारी होती है, जिसे बाद में प्रगणक के सत्यापन के समय साझा करना होता है। हालांकि डिजिटल सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद पारंपरिक प्रक्रिया भी जारी रहेगी।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई की कक्षा 3 से 8 तक के लिए एआई और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग का नया पाठ्यक्रम लॉन्च किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों के लिए कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित नया पाठ्यक्रम लॉन्च किया। इस मौके पर प्रधान ने कहा कि शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में इस पाठ्यक्रम का शुभारंभ भविष्य के लिए तैयार शिक्षा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि यह पहल पहली बार स्कूल स्तर पर बड़े पैमाने पर एआई शिक्षा को व्यवस्थित रूप से लागू करती है।

उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम में संरचित मॉड्यूल, शिक्षकों के लिए विस्तृत हैंडबुक और छात्रों के मूल्यांकन के लिए मजबूत ढांचा शामिल है, जिससे बच्चों को उभरती तकनीकों से शुरुआती और व्यवस्थित परिचय मिलेगा और उनके भविष्य के लिए मजबूत आधार तैयार होगा। प्रधान ने कहा कि 'एआई फॉर एजुकेशन, एआई इन एजुकेशन' की सोच के अनुरूप यह पहल शिक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएगी। इससे छात्रों में आलोचनात्मक सोच, डिजाइन आधारित दृष्टिकोण और नवाचार की संस्कृति विकसित होगी। उन्होंने कहा कि भारत की तकनीकी क्षमता को



वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है और यह पाठ्यक्रम छात्रों को डिजिटल भविष्य को समझने और उसे आकार देने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने इस पहल के लिए सीबीएसई और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को बधाई दी और कहा कि इससे तकनीक-सक्षम और लचीली शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि शिक्षा को अब केवल वर्तमान के लिए नहीं, बल्कि ऐसे भविष्य के लिए तैयार करना होगा जो तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ज्ञान निर्माण, निर्णय प्रक्रिया और अर्थव्यवस्था को बदल रहा है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे केवल तकनीक के उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसके जिम्मेदार निर्माता बनें। उन्होंने कहा कि शुरुआती स्तर पर कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की शुरुआत से ऐसे छात्रों की नींव रखी जाएगी, जो लगातार सीखने, बदलने और नई परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम होंगे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप मानव संसाधन के विकास में एक महत्वपूर्ण निवेश है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह पाठ्यक्रम 2026-27 शैक्षणिक सत्र से कक्षा 3 से 8 तक लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग कौशल विकसित करना है, जिससे वे तार्किक सोच, समस्या समाधान और पैटर्न पहचान जैसी क्षमताओं को विकसित कर सकें और दैनिक जीवन में एआई की भूमिका को समझ सकें। पाठ्यक्रम का लक्ष्य डिजिटल साक्षरता, जिम्मेदार तकनीकी उपयोग, नवाचार, आलोचनात्मक सोच और नैतिक निर्णय क्षमता को बढ़ावा देना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा 2023 (एनसीएफ-एसई) के अनुरूप है। इसके तहत चरणबद्ध तरीके से पहले कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और बाद में उच्च कक्षाओं में एआई की पढ़ाई को शामिल किया जाएगा।


# पंजाब की भाईचारे की एकता को तोड़ नहीं सकतीं अलगाववादी ताकतें : जाखड़

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर हुए बम धमाके के बाद सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से कटघरे में आ गई है। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अश्वनी शर्मा दो दिन से इसी कार्यालय में रूके हुए थे और धमाके से कुछ समय पहले ही वह दिल्ली के लिए रवाना हुए। बम धमाके के बाद पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि पहले से पंजाब के थानों पर लगातार ग्रेनेड हमले हो रहे हैं। फिर बीते दिन होशियारपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति को खंडित किया गया और आज चंडीगढ़ में भाजपा के राज्य स्तरीय कार्यालय पर हमला हुआ है। यह घटनाओं की श्रृंखला राज्य की साम्प्रदायिक एकता को तोडने की कोशिशों का संकेत है। दूसरी ओर सीमावर्ती राज्य की सरकार इन सबको रोकने में असफल साबित हो रही है, जिसके कारण अब पंजाब की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति का असर चंडीगढ़ तक पहुंचने लगा है। अलगाववादी ताकतें चाहे जितनी भी कोशिश कर लें, वे पंजाब की भाईचारे की एकता को तोड़ नहीं सकतीं। भाजपा के प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ में भाजपा पंजाब कार्यालय के बाहर बम ब्लास्ट की घटना चौंकाने वाली और बेहद चिंताजनक है। गंभीर बात यह है कि पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा पिछले दो दिनों से उसी कार्यालय में मौजूद थे और कुछ समय पहले ही दिल्ली में एक राजनीतिक कार्यक्रम के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि 15 दिन पहले पठानकोट के एसएसपी ने उन्हें एक विशिष्ट खतरे की आशंका के चलते अपनी मॉर्निंग वॉक रोकने की चेतावनी दी थी। यह चेतावनी और आज का ब्लास्ट दोनों में कोई संबंध है या नहीं, यह जांच का विषय है, लेकिन इस संयोग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह केवल एक नेता या एक पार्टी कार्यालय की बात नहीं है। यह पंजाब में सुरक्षा, खुफिया समन्वय और समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाता है। जिम्मेदार लोगों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। ऐसे आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहनशीलता होनी चाहिए। केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि पिछले एक हफ्ते से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। पहले अमृतसर थाने में धमाका हुआ। फिर जालंधर में हुआ। इसे पुलिस ने कवर किया। अब यह चंडीगढ़ तक पहुंच गए हैं। अब यह कहेंगे कि चंडीगढ़ तो सेंटर के अधीन आता है। चंडीगढ़ के एसएसपी भी पंजाब से आते हैं।



# इन स्थानों को देखे बिना अधूरी ही रहेगी आपकी पुष्कर ट्रिप





रेत, पहाड़, जंगल और झील का अनोखा संगम है राजस्थान के शहर पुष्कर में। वैसे तो पुष्कर 3 वजहों से- ऊंट का मेला, पवित्र और आध्यात्मिक पुष्कर झील में डुबकी और ब्रह्मा जी के मंदिर की वजह से दुनियाभर में मशहूर है। लेकिन कई और जगहें भी हैं जहां गए बिना आपकी पुष्कर की ट्रिप अधूरी है। रेत और झील से दिखता है बेहतरीन सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य हो, यहां का लजीज खाना हो या फिर चांदी के गहनों के लिए प्रसिद्ध यहां का बाजार..हर एक चीज आपको अपनी ओर आकर्षित करेगी।

**ऊंट की सफारी :** पुष्कर और आसपास के इलाकों में मौजूद रेगिस्तान और रेत में घूमने का सबसे बेस्ट तरीका है ऊंट की सवारी। ऊंट की सफारी का मजा लेना अपने आप में एक अमेजिंग एक्सपीरियंस है जिसे हर किसी को एक बार जरूर ट्राई करना चाहिए।

**हॉट एयर बलून राइड :** अगर आप पुष्कर मेले के समय पुष्कर जाएं तो हॉट एयर बलून की सवारी करना न भूलें। इस बलून के जरिए आपको मेले में मौजूद भीड़ से बचकर मेले का बेहतरीन नजारा देखना का अनुभव मिलेगा।

**झील के किनारे बिताएं शाम :** पुष्कर की शामें यहां की मशहूर झील के किनारे बैठकर गर्मा गर्म कॉफी पीते हुए बिताना बेहतरीन अनुभव है। आप अपने सामने सूरज को ढलते और शाम को बढ़ते हुए देख सकते हैं। जब मंदिर के पीछे सूरज ढलने लगता है और झील के पानी का रंग बदलता है तो उस नजारे को आंखों में कैद कर लेने का दिल करता है।

**अजयपाल जी मंदिर के दर्शन :** पुष्कर से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है अजयपाल जी का मंदिर। अजमेर शहर के संस्थापक राजा अजय पाल ने यह मंदिर 11वीं शताब्दी में बनवाया था। यह मंदिर चारों तरफ से संगमरमर के बड़े-बड़े पत्थरों से घिरा जिस वजह से यह मंदिर देखने में बेहद खूबसूरत है।

**रत्नागिरी पहाड़ की चढ़ाई :** पुष्कर की ट्रिप पर कुछ अडवेंचरस करने के मूड में हैं तो रत्नागिरी के पहाड़ियों पर पुष्कर झील से दक्षिण-पश्चिम की तरफ चढ़ाई करें। यह चढ़ाई करीब 1.5 किलोमीटर की है जिसे पूरा करने में 2 घंटे का वक्त लगता है। इस पहाड़ी की चोटी पर स्थित है सावित्री देवी मंदिर जो ब्रह्मा जी की पत्नी को समर्पित है।


**कलबेलिया डांस का लुत्फ उठाएं :** पुष्कर में दिन भर घूमने के बाद शाम में अपनी थकान मिटाने का सबसे बेस्ट तरीका है कलबेलिया डांस परफॉर्मेंस। यह राजस्थान का सबसे फेमस और भावुक डांस फॉर्म है जिसे यहां के कलबेलिया ट्राइब के लोग करते हैं।



## नई व्यवस्था

# तीन घंटे ही होगा ताजमहल का दीदार,

### एक अप्रैल से लागू होंगे नए नियम



ताजमहल देखने के लिए 30 से 40 हजार पर्यटक आते हैं और अवकाश एवं विशेष अवसरों पर यह संख्या करीब 1 लाख तक पहुंच जाती है। जब भी बात उत्तरप्रदेश पर्यटन की होती है, तो आगरा के ताजमहल के बारे में भी जरूर बात की जाती है। पिछले दिनों भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ताजमहल के संरक्षण के लिए काफी बदलाव किए। इन नए नियमों के तहत आने वाले पर्यटकों की संख्या हर दिन 40,000 सीमित करना शामिल रहा। वहीं अब टिकट लेकर केवल तीन घंटे की अधिकतम सीमा तक ही आप ताजमहल परिसर में ठहर सकते हैं।

आगामी अप्रैल माह से यदि आप ताजमहल देखने जाएंगे तो आपको तीन घंटे के भीतर ही पूरा परिसर देखकर बाहर आना होगा। साथ ही इसके पर्यटक टिकट में भी मामूली बढ़ोत्तरी होने जा रही है। ताजमहल परिसर में प्रवेश के लिए टिकट का मूल्य 40 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए किया जाएगा। विदेशी पर्यटकों के लिए टिकट की कीमत 1000 रुपये है। वहीं जो भारतीय 40,000 की संख्या पार होने के बाद भी ताजमहल देखना चाहते हैं, वे 1000 रुपये का टिकट खरीदकर ताजमहल देख सकते हैं।

ताजमहल देखने के लिए लेना पड़ेगा 1000 का टिकट! घूमने से पहले जान लीजिए ये नए नियम


अधिकारियों का कहना है कि आम दिनों में ताजमहल देखने के लिए 30 से 40 हजार पर्यटक आते हैं और अवकाश एवं विशेष अवसरों पर यह संख्या करीब एक लाख तक पहुंच जाती है। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करना कोई आसान नहीं होता। ताजमहल में पर्यटकों के प्रवेश से निर्धारित समय से आधे घंटे पहले टिकट खिड़कियां खुलेंगी और बंद होने के निर्धारित समय से आधे घंटे पहले बंद हो जाएंगी। इससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा। वहीं ऊंचे मूल्य वाले टिकट की भी व्यवस्था की जाएगी और ऐसे पर्यटकों को विशेष सुविधा दी जाएगी।





**स्पेन में एक ऐसा बियर बार है, जहां पर आप सिर्फ बियर पी ही नहीं सकते बल्कि यहां नहा भी सकते हैं. घूमने-फिरने के शौकीन लोग, हमेशा नई जगहों की तलाश में रहते हैं. उन्हें किसी दिलचस्प जगहों के बारे में जानने का बड़ा ही शौक होता है. दुनिया का सबसे ऊंचा टॉवर हो या आलीशान इमारत, वो हर जगह घूमना चाहते हैं. आइए, हम आपको बताते हैं ऐसी ही दिलचस्प जगह के बारे में.**

# स्पेन में लें बियर स्पा का मजा दिलचस्प जगहों पर घूमना न भूलें



**स्पेन में बियर बार स्पा :** स्पेन में एक ऐसा बियर बार है, जहां पर आप सिर्फ बियर पी ही नहीं सकते बल्कि यहां नहा भी सकते हैं. स्पेन के ग्रनाडा शहर में खुला है पहला बियर स्पा जहां कस्टमर्स बियर के टब में नहाते हुए बियर पीने का लुत्फ उठा सकते हैं. ऐंटिऑक्सिडेंट्स और विटामिन बी से भरपूर बियर आपकी स्किन और बालों के लिए भी बहुत अच्छी मानी जाती है. यूरोप में वैसे भी बियर स्पा काफी मशहूर और अक्सर लोग स्ट्रेस कम करने और रिलैक्स करने के मकसद से यहां आते हैं. इन बातों के लिए भी खास है स्पेन

**ग्रनाडा :** इतिहास के पन्नों में मुस्लिम साम्राज्य के दौरान यह स्पेसन का सबसे बेजोड़ शहर हुआ करता था और आज भी है. इस शहर की पाक कला, वास्तु कला और शिल्प कला पर अरबी प्रभाव देखा जा सकता है. यूरोप का सबसे खूबसूरत महल अहम्बरा भी यहीं मौजूद है. यह अपने अनोखे मौसम, बर्फ से ढके पहाड़ों और खूबसूरत बीचों के लिए भी जाना जाता है.

**बार्सिलोना :** स्पेन के सबसे पसंदीदा शहरों में से एक बार्सिलोना सिटी यहां आने वालों को कई तरह से पसंद आती है जैसे, यहां साल भर नई-नई डिशेज, फैशन और म्यूजिक की धूम रहती है. यह शहर खासतौर से अपनी फुटबॉल टीम के लिए मशहूर है. मशहूर आर्किटेक्ट एंटोनी गाओदी द्वारा बनाई गई इमारतें बहुत ही खूबसूरत हैं.

